Title: Regarding grant of approval to DPR for construction of Rahul Utai River dam in Kalahandi district

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): मैं सरकार का ध्यान अपनी लोकसभा क्षेत्र कालाहांडी की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसमें दो जिले नुआपड़ा और कालाहांडी है । दोनों ही जिले माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की परिकल्पना के अनुसार आकांक्षी जिले हैं । मेरा निवेदन यह है कि जिला कालाहांडी में राहुल-उतई नदी के संगम पर कोई डैम नहीं है । राहुल-उतई नदी के संगम पर मीडियम डैम का डी.पी.आर वन मंजूरी के लिए राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है । यदि उक्त नदी पर डैम बनाने के लिए वन मंजूरी मिलती है तो इसका लाभ सीधा कालाहांडी जिले के रामपुर मदनपुर और करलामुंडा ब्लॉक के साथ-साथ जिला बोलांगीर के गुडवेला ब्लॉक के किसानों को भी मिलेगा । बोलांगीर भी एक आकांक्षी जिला है । वन मंजूरी होने से किसानों के खेतों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और किसान साधन संपन्न होगा और किसानों की आय बढ़ेगी । इन सभी ब्लॉक के किसान कृषि पर निर्भर करते है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि जल्द से जल्द वन मंजूरी के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि डैम बनाया जा सके और किसानों की फसल को सिचाई की सुविधा मिल सकें ।